# वीयू–कुलगुरु ने ली जबलपुर वेटरनरी कॉलेज की समीक्षा बैठक–5 वर्ष में किए गए कार्यों की प्रगति को देखा



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 10.5.2025 को पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के सभी 18 विभाग विभागो की समीक्षा बैठक ली जिसमें विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापको के शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार तथा अन्य उपलब्धियो के 5 वर्ष में किए गए कार्यों की समीक्षा की। ग़ौरतलब है कि कुलगुरु महोदय पूर्व में की सभी बैठकों में छात्र–छात्राओं व पशुपालकों के लिए कार्यों पर बहुत जोर देते रहे हैं उसी के तारतम्य में सभी फैकेल्टी द्वारा किए गए 5 वर्ष के कार्यों को उन्होंने देखा जिस हेतु पूर्व में ही एक निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से सभी से जानकारी ली गई तथा सभी विभिन्न 18 विभागों में पदस्थ सभी विभाग अध्यक्षों ने सर्वप्रथम अपने–अपने विभाग की विस्तृत जानकारी साझा की तत्पश्चात विभाग में पदस्थ अध्यापकों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपना प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक कुलपति महोदय ने सभी उपस्थित विश्वविद्यालय अधिकारी एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा की इस रिव्यू करने का मुख्य उद्देश्य फैकल्टी को व्यक्तिगत एवं पेशेवर रूप से जानना, उनके अंदर जो कार्य करने की बौद्धिक क्षमता है उनको समझाना साथ ही उनको प्रेरित करना कि वह ना कि सिर्फ महाविद्यालय और



विश्वविद्यालय के कार्यों तक ही सीमित रहे अपितु अपने क्षमता अनुसार विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करें उन्होंने सभी प्राध्यापकों को संबोधित करते कहा

की नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले तीनों वेटरनरी कॉलेज तथा फिशरी कॉलेज को अपने जगह कार्य करते हुए विश्वविद्यालय हेतु एक इकाई के रूप में काम करना है तथा विश्वविद्यालय के मैंडेट को पूरा करने में एक आदर्श भूमिका निभानी है। बैठक में कुलगुरु महोदय ने विभागों को एक दूसरे के साथ कोलैबोरेटिव तरीके से अनुसंधान



परियोजना पर काम करने के लिए कहा साथ ही कहा कि विभाग से सभी की भागीदारी किसी न किसी तरह अनुसंधान परियोजनाओं में तथा अन्य गतिविधियों में हो यह सुनिश्चित करें।

कुलगुरु महोदय ने पशु बांझपन, पशु उपचार में, हर्बल ट्रीटमेंट, एथनो मेडिसिन, रेसिड्यू की जांच, तथा पशुपालकों द्वारा अनुभव की गई ज्यादा प्रचलित पशु समस्याओं की ओर केन्द्रित अनुसंधान व विस्तार के कार्यों को संपादित करने निर्देश दिए। कुलगुरु महोदय ने बैठक में ना कि सिर्फ प्रगति प्रतिवेदन को जाना अपितु उन्होंने विभागों में आवश्यक सुधार कार्य तथा कमियों का भी जायजा लिया तथा सभी समस्याओं का निराकरण जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया।

उक्त बैठक में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, संचालक अनुसंधान डॉ. एस के जोशी, अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आर.के. शर्मा संचालक प्रक्षेत्र डॉ. जी.पी. लखानी, अन्य विश्वविद्यालय पदाधिकारी तथा समस्त विभागों के विभाग अध्यक्ष एवं प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर